हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 22 .0 डिग्री से.

12 बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन



12 किसानों ने लिया प्राकृतिक खेती करने का संकल्प



खबर संक्षेप

पेड़ कटाई के चलते आज तीन घंटे बिजली बाधित

जींद। शहर के सेक्टर 8 स्थित 33 केवी सब स्टेशन से जुड़े 11 केवी सेक्टर 6 व 7 फीडर पर पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाएगा। इसके चलते आठ अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक संबंधित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम के एक्सईएन विकास मलिक ने बताया कि पेड़ों की कटाई के कार्य के लिए निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने का परमिट रहेगा। उन्होंने संबंधित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

राजौंद। खंड के गांव किठाना में बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन का ड्राइवर टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में करीब 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देर रात को हुआ, जब वह बाइक पर सवार होकर गांव के मुख्य मार्ग पर कैथल-जींद मार्ग से जा रहा था। अज्ञात वाहन का ड्राइवर उसे टक्कर मारकर भाग गया। मृतक की पहचान गांव किठाना के रहने वाले 27 वर्षीय युवक सतीश के रूप में हुई है।राहगीरों ने जैसे ही घटना को देखा, तो इसकी सूचना किठाना चौकी पुलिस को दी।

मारपीट में चले गंडासी और फावड़े, दो घायल

कैथल। पूंडरी के गांव सांच में भैंसों को घेर में ले जाने के दौरान रास्ते में बुग्गी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने दो लोगों पर गंडासी और फावड़े से हमला कर घायल कर दिया। घायलों की पहचान सांच निवासी जोगिंद्र और उसके भांजे सुखदेव के रूप में हुई है। पूंडरी थाना पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जोगिंद्र ने बताया कि 1 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे वह भैंसों को घर से घेर में ले जा रहा था।

युवती घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

कैथल। सीवन की एक कॉलोनी से 28 साल की युवती घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले में युवती के पिता की शिकायत पर सीवन थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी 5 अक्टूबर को दोपहर करीब 11 बजे घर से बिना बताए चली गई। उस समय घर पर कोई नहीं था। दोपहर करीब 3 बजे परिजन घर पहुंचे तो वह वहां नहीं मिली। उन्होंने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

गोदाम से गेहूं चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

कैथल। थाना चीका क्षेत्र में एक हैफेड के गोदाम से 60 कट्टे गेहूं चोरी करने के मामले में थाना चीका पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बलजीत सिंह, फील्ड इंस्पेक्टर हैफेड की शिकायत अनुसार 5 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे गोदाम का गेट खुलने की आवाज सुनाई दी और उन्होंने देखा कि चार लड़के लकड़ी की क्रेट से दीवार कूदकर भाग गए। गोदाम में गेहूं की स्टैक चैक करने पर 60 कट्टे गेहूं चोरी मिले। जिस बारे थाना चीका में केस दर्ज कर लिया गया।

एपीके फाइल डाउनलोड करवा कर 1.11 लाख ठगे

कैथल। गांव फतेहपुर में आधार कार्ड अपडेट कराने के नाम पर भेजी गई एपीके फाइल डाउनलोड कराने के बाद यूपीआई एक्टिव कर महिला से 1.11 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। मामले में महिला की शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फतेहपुर निवासी सारिका रानी ने बताया कि उसका एसबीआई पुंडरी शाखा में खाता है। खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर उसके पति के पास रहता है और खाते पर पहले यूपीआई एक्टिव नहीं था।

धान की खरीद नहीं होने पर भड़के धरतीपुत्र, वाहनों की कतारें लगने से लोग परेशान

किसानों ने जींद-असंध मार्ग किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर धान की खरीद शुरू करवा खुलवाया जाम

अलेवा अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू न होने से गुस्साए अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों व किसानों द्वारा बुधवार को जींद- असंध मार्ग के अलेवा मुख्य चौक पर सड़क के बीचों-बीच बैठकर जाम लगा दिया। जाम लगने के कारण दोनो और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम लगने की सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम व नायब तहसीलदार ओंकार दत्त शर्मा मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों द्वारा काफी देर किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान सभा के पदाधिकारी व किसान धान की सरकारी खरीद शुरू होने के बाद ही जाम खोलने की जिद् पर अड़े रहे। मामले की सूचना मिलते ही उचाना एसडीएम सुमन यादव डीएम हैफेड अनुराग को साथ लेकर मौके पर पहंची। एसडीएम द्वारा डीएम हैफेड व जाम लगा रहे कसान सभा के पदाधिकारियों व किसानों को साथ लेकर अनाज मंडी पहुंच कर सरकारी खरीद एजेंसी के माध्यम से धान की पीआर किस्म की सरकारी खरीद शुरू करवा करीब दो घंटे से लगे जाम को खुलवाया। अनाज मंडी में एसडीएम के समक्ष बोलते हुए किसानों ने कहा कि सरकारी खरीद एजेंसी के अधिकारी आपके समक्ष धान की कुछ ढेरी की खरीद करने के बाद मिलर अलॉट् न होने की बात कहते हुए खरीद करने से इंकार कर देगें। इसके बाद खरीद बंद होने से किसानों को दोबारा से सड़क पर बैठने को विवश होना पड़ेगा। एसडीएम ने किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि मंडी में बेचने के लिए लाई फसल का साफ सुथरी करने के बाद सरकार की हिदायत के अनुसार एमएसपी पर खरीदा जाएगा। इसके बाद भी अगर कोई खरीद एजेंसी या मिलर किसानों की फसल में कटौती करने के बाद इसकी शिकायत कार्यालय में सबूत के साथ देने का कष्ट करें। कटौती का सबूत मिलने पर सबंधित विभाग के अधिकारी या मिलर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार पाई जाने वाली धान की पीआर किस्म का एक-एक दाना सरकारी खरीद पर खरीदा जाएगा।



अलेवा। मुख्य चौक पर जींद-असंध मार्ग पर जाम लगाते किसान।



अलेवा। मंडी में धान की खरीद शुरू करवाती एसडीएम उचाना सुमन यादव।

ये रहे मौजूद

एसडीएम द्वारा किसान सभा के पदाधिकारियों को साथ लेकर अनाज मंडी पहुंच कर सरकारी खरीद एजेंसी के माध्यम से धान की पीआर किस्म की सरकारी खरीद शुरू कराने के बाद किसान जाम खोलने पर सहमत हुए। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव विकास ढिल्लो, हैफेड के अधिकारी रत्नदीप, मार्केट कमेटी चेयरमैन रामपाल शर्मा, नगूरां पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार, आढती एसोसिएशन के प्रधान गोबिंद लोहान, पूर्व प्रधान राजबीर लोहान, कुलदीप बिढ़ान, बिजेंद्र चहल व किताब सिंह समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



मंडी में फसल खरीद का जायजा लेते विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

किसानों की जरूरत के अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित करें अधिकारी : पंवार

- कैबिनेट मंत्री ने किया जींद अनाज मंडी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की फसल का उचित मूल्य दिलाने और मंडियों में सुचारू खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसके लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को नई अनाज मंडी में धान की आवक, खरीद, उठान, भुगतान, बारदाने, पेयजल, साफ.-सफाई, बिजली तथा किसानों के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल लेकर आने वाले किसानों के लिए पर्याप्त स्थान, पेयजल, साफ.-सफाई तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मंडी में फसल की आवक बढने की स्थिति में भी व्यवस्थाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर डीसी डा. वैशाली शर्मा, एडीसी प्रदीप कुमार, जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, बीजेपी जिला प्रभारी अशोक गुज्जर, जिला प्रधान तेजेंद्र ढुल, आढती एसोसिएशन के प्रधान जगदीप भारद्वाजख बबलु गोयल, रामपुल शर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी, मंडी प्रशासन के अधिकारीए आढ़ती तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जींदः नई अनाज मंडी में धरतीपुत्रों ने दिया धरना

जींद। अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी जींद के आह्वान पर जींद की नई अनाज मंडी में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता फूल बरसोला ने की। जबकि संचालन वेद प्रकाश ने किया। इस दौरान किसानों ने खरीफ फसलों की खरीद को लेकर सरकार द्वारा लगाई गई विभिन्न शर्तों और पाबंदियों के खिलाफ जोरदार रोष जताया। धरने को संबोधित करते हुए रमेश चंद्र, फूल सिंह सहित किसान नेताओं ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके फसल तैयार करता है लेकिन मंडी में फसल बेचने पहुंचने पर उसे सरकार की जटिल शर्तों और विभागीय प्रक्रिया के कारण परेशान होना पड़ रहा है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और इसके बावजूद उन्हें घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में मांग की कि फसल खरीद के लिए लगाई तमाम किसान विरोधी शर्तें और निर्देश तत्काल वापस लिए जाएं।



पूंडरीः हैफेड कार्यालय पर किसानों ने की तालाबंदी

पूंडरी। पूंडरी अनाज मंडी में धान की खरीद सुचारू रूप से शुरू न होने और किसानों को आ रही परेशानियों को लेकर बुधवार को किसानों का रोष फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व में किसानों ने पूंडरी स्थित हैफेड कार्यालय पर तालाबंदी कर दी। इस दौरान किसानों ने जिला प्रबंधक हैफेड कैथल और पूंडरी हैफेड मैनेजर की कार्यप्रणाली के खिलाफ नारेबाजी की। तालाबंदी की सूचना मिलते ही एसडीएम डॉ संजय कुमार ने मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्या सुनी और ताला खुलवाया। किसानों ने आरोप लगाया कि पूंडरी मंडी में हैफेड की ओर से धान की खरीद सुचारू रूप से नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि खरीद के नाम पर उनसे 200 से 300 रुपए तक की अवैध कटौती की जा रही है। भाकियू जिलाध्यक्ष गुरनाम फरल ने कहा कि किसानों की मेहनत की कमाई से किसी भी प्रकार की कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजौंदः किसानों ने लगाया जाम

राजौंद। राजौंद अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों ने बुधवार को मंडी के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। किसानों के जाम लगाने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा।जाम की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र तथा मार्केट कमेटी के सचिव देवेंद्र मोर मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। अधिकारियों ने संबंधित खरीद एजेंसी के प्रबंधक नवीन कुमार को मौके पर बुलाया। किसानों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए कहा कि कई दिनों से धान लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीद शुरू नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खरीद एजेंसी प्रबंधक नवीन कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया कि मंडी में धान की खरीद



सुचारु रूप से शुरू करवाई जाएगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। अधिकारियों एवं खरीद एजेंसी के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोल दिया और यातायात सुचारु हुआ।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि धान की खरीद में दोबारा लापरवाही बरती गई और समय पर खरीद शुरू नहीं हुई तो वे फिर से सड़क पर उतरकर जाम लगाने को मजबूर होंगे। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि मंडी में धान की खरीद प्रक्रिया को सुचारु रखा जाए।

मंत्री पंवार ने कैथल में किसानों की समस्याएं सुनीं

कैथल। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसानों से बातचीत की और अधिकारियों से खरीद प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खरीद सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा किसानों का एक-एक निर्धारित एमएसपी पर दाना खरीदा जाएगा। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मंडी में पहुंची धान की ढेरी पर जाकर नमी मापक यंत्र से नमी का आकलन भी करवाया। किसानों ने मंत्री के सामने अपनी समस्या रखी कि उनकी फसल को एमएसपी पर नहीं खरीदा जा रहा, उन्हें दो-तीन मंडियों में रहना पड़ता है और काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने एक अन्य धान की ढेरी पर जाकर स्वयं भी नमी मापक यंत्र से नमी का आकलन किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों व एजेंसियों को खरीद करने के निर्देश दिए। मंत्री ने मौके पर तीनों एजेंसियों को बराबर खरीद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैथल में 270 आढ़त की दुकानें हैं, 1 से 90 तक वेयर हाउस, 91 से 180 खाद्य आपूर्ति विभाग, 181 से 270 दुकानों में हैफेड धान की खरीद करेगी। किसानों के सामने ढेरी के ऊपर व नीचे से दो बार सैंपल किए जाए और उन्हें समझाएं कि उनकी ढेरी में नमी है और इसको थोड़ा हवा लगाई जाए। उन्होंने एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल से धान की खरीद करें। नायब सरकार एक-एक दाने की खरीद करेगी। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी दी जाएगी।

इंडस स्कूल की छात्राओं ने दी प्रस्तुति



जींद। मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती छात्राएं। संबंधित खबर पेज नंबर-12 पर पढ़े।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर कपड़े के शोरूम में लगी आग

नरवाना। आईटीआई के पास पटियाला दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर नया बना कपड़े का शोरूम जो कि कुछ समय पहले ही खोला था बुधवार सुबह जलकर राख हो गया, जिसमें रखा लाखों का कपड़ा था वो जलकर राख हो गया। जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह चार बजे चौकीदार ने शोरूम में से धुआं निकलता दिखाई दिया तो उसने आनन-फानन में शोरूम के मालिकों को खबर दी और वो मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, थोड़ी देर में ही फायर ब्रिगेड की तीन चार गाडियां भी मौके पर पहुंच गई और आग को काबू करने की कौशिश की गई, काफी



मशक्कत से लगभग ढाई से तीन घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। शोरूम मालिक ने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। ऐसा लगता था कि शोरूम मालिक इतना नुक्सान देखकर गहरे सदमे में चला गया और कुछ भी बोलने में असमर्थ नजर आ रहा था। लेकिन लोगों से मिली जानकारी के अनुसार



आग शायद बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से लगीं हैं ये भी जानकारी आसपास के पड़ोसियों से मिली है। शोरूम को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है शायद वहां कुछ बचा हो लगता ही नहीं। सुबह 10 बजे के बाद भी धुआं निकलता दिखाई दे रहा था।आग बुझाने के बाद भी धधक रही थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत, केस

- गांव किलाजफरगढ़ के पास हुआ हादसा, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव किलाजफरगढ़ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी मोहन (60) खेत से घर लौट रहा था। गांव के निकट ही किसी तेजरफ्तार वाहन ने मोहन को टक्कर मार दी। जिसमें मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मोहन को जुलाना सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मोहन को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भतीजे हरकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका ताऊ मोहन पशुओं को तालाब में छोड़ खेत में चला गया था। खेत से वापसी के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें उसके ताऊ मोहन की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे हरिकेश की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा दिया गया है। फिलहाल फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है

नरवाना में नशा तस्करों के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

अभियान के दौरान दो संदिग्ध वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आठ कुंडी कनेक्शन पकड़े, डेढ़ लाख लगाया जुर्माना

नशा के गढ़ से विख्यात नरवाना की चमेला कालोनी में बुधवार को सुबह पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। जिसमें नशे के कारोबार से जुड़े संदिग्ध लोगों के मकानों में छापेमारी की गई। लगभग तीन घंटे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को नशा तो नही मिला। दो संदिग्ध बाइक जरूर बरामद हुई। सर्च अभियान के दौरान आठ कुंडी कनैक्शन पकड़े गए। जिन्हें बिजली निगम ने डेढ लाख रूपए जुर्माना लगाया है। डीएसपी ने संभाली कमान, डॉग स्कवायड, बिजली विभाग भी रहा शामिल चमेला कालोनी नरवाना में बुधवार को अल सुबह चले सर्च अभियान की कमान नरवाना के डीएसपी कमलदीप राणा ने संभाली। जिसमे शहर थाना, सदर थाना, गढ़ी थाना, पुलिस चौकी



जींद। सर्च अभियान चलाए हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

धमतान साहिब, पुलिस चौकी दनौदा, पुलिस चौकी हुडा नरवाना व सीआईए नरवाना की टीमों के साथ-साथ बिजली विभाग, डॉग स्क्वायड टीमें शामिल हुई। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने नरवाना में चमेला कॉलोनी में पहुंच कर संदिग्ध व्यक्तियों मकानों तथा नशे के कारोबार से जुड़े संभावित ठिकानों की सघन जांच की। चमेला कालोनी में चले सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने दो वाहनों को कब्जे में लिया है। वहीं आठ मकानों में अवैध बिजली की सप्लाई भी पकड़ी है। उन पर करीब डेढ़ लाख रुपये जुर्माना लगाया।

अभियान जारी रहेगा

पुलिस द्वारा नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। डीएसपी कमलदीप राणा ने बताया कि पुलिस द्वारा नरवाना में चमेला कॉलोनी सहित अन्य कई स्थानों पर एक साथ सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नशे का कारोबार करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों तथा अन्य संभावित स्थानों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ-साथ कई लोगों की तलाशी भी ली। पुलिस की टीमें नशा तस्करों, नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले लोगों और ऐसे संदिग्ध ठिकानों की पहचान कर रही हैं, जहां से नशे से जुड़ी गतिविधियां होने की आशंका है। कहा कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

प्लाट बेचने के नाम पर 1.22 करोड़ धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दबोचा

कैथल। प्लाट बेचने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी करने के मामले में इक्नोमिक सैल कैथल द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभिषेक गुप्ता निवासी सेक्टर 20 हुडा, कैथल की शिकायत के अनुसार, आरोपीगण स्नेहलता, सुनील कुमार व ऋषभ निवासी सेक्टर 19 कैथल ने डीलरों के माध्यम से उससे व उसकी पत्नी से संपर्क कर हुडा सेक्टर 21 कैथल स्थित प्लाट नंबर 690-**P** को बेचने की बात कही। प्लाट का सौदा 3 करोड़ 50 लाख रुपए में तय हुआ तथा इस संबंध में लिखित इकरारनामा किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने विभिन्न तिथियों में उससे 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार प्राप्त कर लिए। विश्वास कायम करने के लिए हुडा विभाग से शिकायतकर्ता की पत्नी निशि गोयल के नाम प्लाट ट्रांसफर करने की परमिशन भी जारी करवाई । बाद में समय पर रजिस्ट्री न करवाने पर शिकायतकर्ता को आरोपियों की नीयत पर शक हुआ।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026 के ट्रायल शुरू

जींद। जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026 के 30 खेलों में भाग लेने वाले जिला स्तरीय खिलाड़ियों का ओपन कैटेगरी में चयन करने के लिए विभिन्न खेलों के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। बॉक्सिंग 10 नवदीप स्टेडियम नरवाना, तीरंदाजी के लिए 12 को एकलव्य स्टेडियम, एथलेटिक्सनवदीप स्टेडियम नरवाना, बास्केटबॉल 14 तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल भम्भेवा, साइक्लिंग 13 सरकारी मध्य वमावि किशनपुरा, कैनोइंग 12 वीपीओ पिंडारा, फुटबाल 12 अर्जुन स्टेडियम जींद, हॉकी 15 नवदीप स्टेडियम नरवाना, जूडो एकलव्य स्टेडियम जींद, कबड्डी सुबह लड़कियां एवं शाम को लड़के अर्जुन स्टेडियम जींद में होंगे।

डॉ. राहुल ने बढ़ाया सीआरएसयू का गौरव

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के ललित कला विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राहुल ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित वॉल पेंटिंग एवं म्यूरल आर्ट कैंप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कला शिविर में देशभर से चयनित कलाकारों के बीच डा. राहुल का चयन हुआ।

समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सार्थक पहल

जींद। महाराजा अग्रसेन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय स्टाफ के लिए सीबीएसई की तरफ से प्रशस्त पोर्टल पर समावेशी शिक्षा विषय पर सेनिजेशन मॉडयूल की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्कूल के कर्मचारियों को समावेशी शिक्षा की अवधारणा, विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों के प्रति संवेदनशीलता, समान अवसर तथा सहयोगपूर्ण शैक्षिक वातावरण के महत्व से अवगत कराना रहा। स्क्रीनिंग के माध्यम से स्टाफ सदस्यों ने यह समझने का प्रयास किया कि प्रत्येक बच्चे की अपनी विशिष्ट क्षमता, आवश्यकता और सीखने की गति होती है।

संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मेला मंडी गेट पर जारी रहा

नरवाना। नरवाना अनाज मंडी में बुधवार को भी मास्टर बलबीर राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा जिस की अध्यक्षता मेवा सिंह दनौदा ने की और मंच संचालन जयपाल दनौदा ने किया। मंच सांझा करते मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने बताया कि मौजूदा सरकार वापस लिए तीन काले कानूनों को चोर दरवाजे से वापस लागू करने के लिय नए नए तुगलकी फरमान जारी कर रही है, जींद के लिए 24 क्विंटल की लिमिट को लागू करना,बिना वेरिफिकेशन के खरीद ना करना, सरकार ने 29 सितम्बर से धान की खरीद फ़रोख्त तो शुरू कर दी।

दस हजार से जनसंवाद करेगी समितिः सोहनदास

जींद। अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के आह्वान पर देशभर में आगामी एक वर्ष तक चलाए जा रहे भविष्य का भारत अभियान को हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की जींद जिला कमेटी व्यापक स्तर पर चलाएगी। अभियान के तहत जिले के गांवों और शहरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, पर्यावरण, सामाजिक न्याय तथा अन्य जन सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम लोगों के साथ व्यापक जनसंवाद किया जाएगा।

राष्ट्रीय परिसंवाद में शिक्षिका अर्चना सम्मानित

जींद। शिक्षा में नवाचार और भारतीय संस्कृति को जोडने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य के लिए डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जींद की शिक्षिका अर्चना शर्मा को विकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित राष्ट्रीय परिसंवाद में सम्मानित किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद एवं कार्यशाला में अर्चना शर्मा की शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही पहल को विशेष रूप से सराहा गया।

इंडस स्कूल में द माइल स्टोन क्लास शो में रंगारंग कार्यक्रम

बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन

पंजाबी-हरियाणवी नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जींद प्रांगण में दसवीं कक्षा के बच्चों द्वारा द माइलस्टोन विषय पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, डा. नवदीप, कार्डिनेटर प्रवीन परूथी, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन , मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में दसवीं कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विषेश रूप से आमंत्रित किया । कार्यक्रम में भारत की संस्कृति पर प्रकाश डालते स्वागत गीत, गणेश वंदना, श्रेष्ठ भारत, पंजाबी नृत्य, देश भक्ति से ओतप्रोत नृत्य और हरियाणवी नृत्य आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। गणेश वंदना, पंजाबी तथा हरियाणवी नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर सत्र 2025-26 के नौवीं कक्षा से विष्वेन्द्र प्रथम, जाह्नवी द्वितीय और दिक्षा तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अवसर ग्रुप कार्डिनेटर प्रवीन परूथी ने 10वीं के छात्रों एवं अभिभावकों के लिए करियर काउंसलिंग की। छात्रों की रूचि, क्षमता एवं भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी।







जींद। बच्चों को सम्मानित करते इंडस निदेशक सुभाष श्योराण।

गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान

विषय चयन, उच्च शिक्षा तथा भविष्य में उपलब्ध विभिन्न क्षेत्रों के अवसरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के चंहुमुखी विकास पर प्रकाश डालते कहा कि बच्चों को प्रत्येक गतिविधि में भाग लेते अपनी प्रतिभा को प्रदर्षित करना चाहिए और जीवन में अनुशासन का पालन करते अपने लक्ष्य पथ पर चलना चाहिए। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बच्चों तथा अध्यापकों को प्रोत्साहित करते कहा कि कक्षा दसवीं विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

अभिभावकों का प्राचार्या ने किया धन्यवाद


द माइलस्टोन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नही है बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा, सीखने की यात्रा और विद्यालय के साथ भावनात्मक जुड़ाव का उत्सव है। छात्रों की प्रस्तुतियों के साथ-साथ आकर्षक वेषभूशा, मधुर संगीत और शानदार मंच सज्जा की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज इंडस के छात्र देश में ही नही विदेशों में भी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इस साहस और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की आवश्यकता है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने आए अभिभावकों का धन्यवाद किया। सीबीएसई द्वारा कक्षा दसवीं के लिए शुरू कि दूसरी बोर्ड परीक्षा की जानकारी देते कहा कि पहली बोर्ड परीक्षा सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों को पूर्ण जानकारी देते कहा कि पहली परीक्षा के बाद उत्तीर्ण तथा पात्र विद्यार्थी अपने प्रदाशर्न में सुधार लाने के लिए अधिकतम तीन विषयों में दूसरी बोर्ड परीक्षा दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी पहली परीक्षा में उपस्थित नहीं हुआ, तो वह दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए पात्र नहीं है। इस अवसर पर स्कूल उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा के छात्र दीपांशु ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के कक्षा 12वीं के होनहार छात्र दीपांशु पुत्र सियाराम ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार प्रदर्शन करते राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तीन से छह अक्टूबर तक फरीदाबाद में आयोजित की गई थी। जिसमें हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों ने भाग लिया। दीपांशु ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कांस्य पदक अपने नाम किया। दीपांशु की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। चेयरमैन सुरेंद्र, प्रबंधन, प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने दीपांशु को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। दीपांशु की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढऩे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा परिवार दीपांशु की इस उपलब्धि पर गर्व करता है और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता है।



जींद। बैठक में भाग लेते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि

कैशलेस मेडिकल सुविधा धरातल पर लागू करने की मांग

जींद। नए बस अड्डा स्थित रोडवेज कर्मचारी यूनियन कार्यालय में रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की बैठक प्रधान टेकराम नरवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन राजकुमार लोहान ने किया। बैठक में रिटायर्ड कर्मियों की मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने मांग की कि 65, 70 उपरांत बेसिक पे में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करनी चाहिए ताकि वृद्ध अवस्था में जीवनयापन ठीक हो सके। पड़ोसी राज्यों हिमालच प्रदेश, पंजाब में यह व्यवस्था लागू की गई है। पिछली कांग्रेस सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मांग को स्वीकृति देकर 26 अगस्त 2014 को नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया था और भाजपा, जेजीपी सरकार ने सत्ता में आते ही इस जनहित फैसले को रद्द कर दिया। मेडिकल भत्ता एक हजार से बढ़ा कर तीन हजार रुपये किया जाए। रिकवरी कम्युटेशन 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष की जाए। फैमिली पैंशनर को भी एलटीसी दी जाए। 18 माह का एरियर करोना काल का जनवरी 2020 से जून 2021 तक का भुगतान किया जाए।

खटकड़ के रा.कन्या स्कूल में विधिक जागरूकता कैंप

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राकवमावि खटकड़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। संचालन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियमए 2012 (पोक्सो अधिनियम) के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की । विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा किसी भी प्रकार के लैंगिक अपराध अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा को जीवन का हिस्सा बनाएं : रामकुमार गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



शहीदों के बलिदान और राष्ट्रसेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही सेवा ज्योति यात्रा की मशाल बुधवार को सफीदों के नागक्षेत्र स्थित शहीद स्मारक पर स्थापित की गई। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने शहीद स्मारक पर पहुंच कर मशाल स्थापित की और शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि देश की एकताए अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों के कारण ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनका त्याग और बलिदान आने वाली पीढिय़ों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह शहीदों की स्मृति को जीवंत रखते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए। विधायक ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा की मशाल के लिए शहीद स्मारक जैसी पवित्र और प्रेरणादायी जगह का चयन अपने आप में महत्वपूर्ण है। शहीदों की स्मृति से जुड़ा यह स्थल लोगों को देशभक्तिए त्याग और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढऩे की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक मशाल पहुंचाना नही बल्कि समाज में सेवा भावनाए राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

एचपीवी टीकाकरण का दिया संदेश

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान केवल योजना नही, समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम : महेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



ईंटल कलां में एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूक करते एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ईंटल कलां में कविता रानी एवं पवन एमपीएचडब्ल्यू द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, गिरते लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं, किशोरियों, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि समाज में समानता, सम्मान और सकारात्मक सोच विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल, चिकित्सा, प्रशासन, विज्ञान, सेना और न्यायपालिका सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर देश का गौरव बढ़ा रही हैं। इसलिए बेटियों को आगे बढऩे के समान अवसर उपलब्ध कराना प्रत्येक परिवार और समाज की जिम्मेदारी है। महेंद्र सिंह ने कहा कि बेटियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। किशोरियों एवं अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के बारे में जागरूक करते बताया कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण टीकाकरण है। कहा कि पात्र बालिकाओं का समय पर टीकाकरण करवाने के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का पालन करना चाहिए। अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा के साथ उनके स्वास्थ्य एवं टीकाकरण को भी प्राथमिकता दें।



जुलाना। जुलाना पहुंची सेवा ज्योति यात्रा का स्वागत करते कार्यकर्ता।

जुलाना में सेवा ज्योति यात्रा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जुलाना। जुलाना कस्बे के दुर्गा माता मंदिर में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत जींद के अर्जून स्टेडियम से सेवा ज्योति यात्रा पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने श्रद्धाभाव के साथ यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा का समापन दुर्गा माता मंदिर में हुआ और यात्रा के दौरान प्रज्जवलित की गई ज्योति को मंदिर में स्थापित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कीए जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते कैप्टन योगेश ने कहा कि जुलाना विस क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता सेवाए संकल्प-संगठन की एकजुटता के साथ लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

भगवान श्रीराम विश्व के आदर्श : मधुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सफीदों नगर की गुरुद्वारा गली स्थित श्री शिव शक्ति कृपा मंदिर में वेदाचार्य दंडी स्वामी डा. निगमबोध तीर्थ महाराज के परम सानिध्य में चल रहे सामूहिक संगीतमय श्री रामायण पाठ महोत्सव में श्रद्धालुओं की आस्था लगातार उमड़ रही है। महोत्सव के दौरान अयोध्या से पधारे व्यास मधुरेश दास महाराज ने भगवान श्रीराम के राजतिलक का भावपूर्ण एवं संगीतमय प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। व्यास मधुरेश दास महाराज ने श्रीराम के वनवास से लेकर अयोध्या वापसी और राजतिलक तक के प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सत्य, संयम और कर्तव्य का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। यही कारण है कि भगवान श्रीराम आज भी करोड़ों लोगों के लिए आदर्श और प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रामराज्य केवल एक शासन व्यवस्था का नाम नहींए बल्कि न्यायए समानताए सेवाए सुरक्षा और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। महाराज ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे रामायण के प्रसंगों को केवल कथा के रूप में सुनने तक सीमित न रखें बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में भी उतारें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों और समाज में बढ़ती दूरी को कम करने के लिए रामायण के आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यदि व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे और दूसरों के अधिकारों एवं सम्मान का ध्यान रखे तो समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है।



जींद। बैठक को संबोधित करते गुरविंद्र संधू। फोटो :हरिभूमि

नफरत की दृष्टि से देखा जा रहा नशा तस्करों को

जींद। नशा मुक्ति को लेकर जो अभियान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने चलाया है, वो सफलता की ओर बढ़ रहा है। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू व महासचिव महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि पुलिस बड़ी तत्परता से कार्रवाई कर रही है। आए दिन कोई न कोई नशा तस्कर गिरफ्तार किया जाता है। नशा तस्करों को डर लगने लगा है पुलिस के साथ-साथ समाज भी उनके खिलाफ खड़ा हो चुका है। नफरत कि दृष्टि से देखा जा रहा इन नशा तस्करों को। खाप पंचायतें भी नशामुक्ति के लिए आगे आई है। पिछले माह ही कंडेला खाप पंचायत ने अपने गांव लोहचब में व माजरा खाप पंचायत ने अपने गांव अशरफगढ़ में नशा मुक्ति को लेकर बड़े सफल आयोजन करवाए। इन आयोजनों से बहुत बड़ा प्रभाव तस्करों पर पड़ा व पुलिस प्रशासन को भी सपोर्ट मिला। जहां ये गांव नशा की मंडी होते थे, आज उनकी दुकान खाली नजर आती है। गांव में युवा पीढ़ी भी नशामुक्ति के खिलाफ खड़ी हुई है और इन नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को देना शुरू कर दिया है। जिससे गांव में शांति हुई है।

गोसाईं खेड़ा में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

किसानों ने लिया प्राकृतिक खेती करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। किसानों को जागरूक करते डॉ. धीरज। फोटो :हरभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र जींद द्वारा बुधवार को जिले के गोसाईं खेड़ा गांव में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक खादों और कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से बचा कर पर्यावरण, अनुकूल और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र जींद की जिला विस्तार विशेषज्ञ डा. प्रीति मलिक और डा. धीरज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वहाँ मौजूद किसानों और महिला किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रमुख स्तंभों और इसके व्यावहारिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान डा. धीरज ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने किसानों को समझाया कि लगातार रासायनिक खादों के इस्तेमाल से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है। मिट्टी को स्वस्थ और जीवित रखने के लिए उसमें जैविक कार्बन और मित्र कीटों की संख्या बढ़ाना बेहद जरूरी है जो केवल प्राकृतिक खेती से ही संभव है। डा. प्रीति मलिक ने किसानों को घर पर ही देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से जीवामृत, बीजामृत तथा घनजीवामृत तैयार करने की विधि समझाई। उन्होंने बताया कि ये जैविक इनपुट मिट्टी की उर्वरता और सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ाने में कैसे सहायक हैं। प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से खेती की लागत में भारी कमी आती है और भूमि का स्वास्थ्य भी सुधरता है।

जमीन में नमी

उन्होंने फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उपयोग खेतों में मल्चिंग के लिए करने की सलाह दी। जिससे जमीन में नमी बनी रहती है और केंचुओं की सक्रियता बढ़ती है। शिविर के अंत में किसानों के सवालों के जवाब देते विशेषज्ञों ने जैविक प्रमाणीकरण और प्राकृतिक उत्पादों के विपणन के तरीकों पर भी चर्चा की ताकि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिल सके। किसानों ने अपने खेतों के एक हिस्से में तुरंत प्राकृतिक खेती शुरू करने का संकल्प लिया।



नरवाना। बनाई जा रही स्टेज का निरीक्षण करते भारत भुषण। फोटो :हरभूमि

रामा भारतीय कला केंद्र के रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले दहन के लिए स्थान तय : भारत

नरवाना। शहर की पुरानी अनाज लोहा मंडी में रामा भारतीय कला केंद्र द्वारा रामलीला का मंचन शुरू किया जा रहा है। यह मंचन 9 अक्तूबर से शुरु होगा। मंचन के पहले दिन मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार का ड्रामा दिखाया जाएगा। उसके बाद अगले दिन राम जन्म और फि र निर्धारित दृश्यों के अनुसार भगवान राम की लीला दिखाई जाएगी। लीला को शुभारंभ करने के लिए मंच से लेकर अन्य सभी चीजों की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दे दिया गया है। मंच पर केंद्र के प्रधान भारत भूषण गर्ग ने कला केंद्र के सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ मुआयना किया और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस बार कला केंद्र द्वारा दशहरे के पर्व को खास और बेहतर बनाया जाएगा। कला केंद्र के प्रधान भारत भूषण गर्ग ने बताया कि नरवाना के लिए इस बार दशहरा समारोह ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर के रूप में आयोजित किया जाएगा। रामा भारतीय कला केंद्र नरवाना की ओर से 20 अक्टूबर को एसडी कन्या महाविद्यालय में भव्य दशहरा समारोह मनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

खंड कैथल में प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

कैथल। निपुण हरियाणा मिशन के तहत खंड कैथल में प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का बुधवार को शुभारंभ हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही, विद्यालय मुखिया सरोज और जिला निपुण समन्वयक नरेश कुमार ने प्रशिक्षण की शुरुआत की। खंड समन्वयक शिल्पा धीमान ने बताया कि प्रथम चरण में चार बैच बनाए गए हैं, जिनमें 160 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग उठाई

ढांड। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने एसआईआर के खिलाफ चल रहे जन आंदोलनों में किसानों, खेत मजदूरों, मेहनतकश जनता और लोकतांत्रिक सोच रखने वाले लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। दिल्ली के जंतर-मंतर को पुलिस छावनी में तब्दील किए जाने तथा विरोध प्रदर्शनों पर लगाए गए प्रतिबंध का विरोध करते इन्हें तत्काल हटाने की मांग की।

सोंगरी गुलियाना में फेंसिंग प्रतियोगिता 9 को

कैथल। जिला तलवारबाजी संघ के तत्वावधान में 9 अक्टूबर को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोंगरी गुलियाना में फेंसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों का रिपोर्टिंग समय प्रातः8:00 बजे रहेगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अभिषेक सहारण की देखरेख में किया जाएगा।

पूंडरी सीएचसी में 9 को स्वास्थ्य जांच शिविर

पूंडरी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूंडरी में शुक्रवार, 9 अक्टूबर को विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच करने के साथ उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

विधायक ने नई अनाज मंडी का किया दौरा, सरकार पर बरसे

पैदावार पर पाबंदी, कटाई पर कर्फ्यू, एमएसपी पर तालाबंदी

■ आदित्य सुरजेवाला बोले-एक एक दाना खरीदेंगे का जुमला सिर्फ जुमला बनकर रह गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज कैथल की नई अनाज मंडी पहुँचकर मंडी के पूर्व प्रधान सतीश जैन की दुकान पर प्रेसवार्ता की और उसके बाद मंडी का दौरा किया। धान सीजन को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार का फॉर्मूला साफ है — पैदावार पर पाबंदी, कटाई पर कर्फ्यू, बिक्री पर शर्त और एमएसपी पर तालाबंदी।

उन्होंने कहा कि किसान सड़क पर है जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी सिंगापुर घूम रहे हैं। "एक-एक दाना खरीदेंगे" का जुमला सिर्फ जुमला बनकर रह गया है। प्रदेश में कल तक धान की आवक 7 लाख 7 हजार टन हुई, लेकिन खरीद महज 1 लाख 38 हजार टन और उठान सिर्फ 21 हजार टन हुआ। नतीजा यह है कि 6 लाख 86 हजार टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है, जबकि अगले छह दिनों में बारिश के आसार हैं। अब तक 16,302 किसानों का धान बिका, लेकिन सिर्फ 700 किसानों को ही भुगतान मिला है यानी सौ में से महज चार। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल जिले में स्थिति और भी बदतर है। जिले में आवक 1 लाख 7 हजार टन हुई, खरीद केवल 8,600 टन (दस प्रतिशत से भी कम) और उठान मात्र 195 टन रहा। राजस्व विभाग और "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल के आँकड़ों में 4 लाख एकड़ से ज्यादा का अंतर है, जिसकी सजा किसान भुगत रहा है।



कैथल। धान से अटी कैथल की अनाज मंडी। फोटो :हरिभूमि



कैथल। विधायक आदित्य सुरजेवाला धान खरीद का जायजा लेते हुए।

ये रहे मौजूद

आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा के किसान ने तीन काले कानूनों को कामयाब नहीं होने दिया। इन चोर दरवाजे वाले हमलों को भी कामयाब नहीं होने देगा। कैथल का किसान अकेला नहीं है। कांग्रेस हर मंडी से विधानसभा तक किसान के साथ खड़ी है। नायब सैनी जी — रील नहीं, राहत दीजिए। फरमान नहीं, फसल खरीदिए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड, राजीव गांधी पंचायती राज जिलाध्यक्ष कर्मबीर शर्मा खुराना, अश्विनी शोरेवाला, कांग्रेस शहरी ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास मित्तल, पूर्व प्रधान सतीश जैन, जयकिशन मित्तल, शीशपाल पाई, राजकुमार बैनीवाल, रामनिवास जैन, सुरेंद्र जैन, राजेंद्र मंगला, जाट धर्मशाला प्रधान रोशन पाडला, बालकू राम, कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष कविश मिड्ढा, कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चहल दिल्लोवाली, मनीष सिक्का, सतीश जिंदल, गुरदेव मलिक, कुलदीप धारीवाल, सतीश चहल, करन मलिक, योगी मित्तल, अजय भट्ट, कुलदीप बागड़ी सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

कक्षा दसवीं की छात्रा जयास्ना ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में जीता गोल्ड

■ ओएसडीएवी के खिलाड़ियों ने जूडो में लहराया परचम



कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ विजेता विद्यार्थियों के साथ।

कैथल। 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक करनाल के मनेरवा पब्लिक स्कूल, असंध में सीबीएसई जूडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें सभी जोन से सीबीएसई स्कूलों के सैकड़ों विजेता खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ओएसडीएवी स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कक्षा दसवीं की छात्रा जयास्ना ने 17 वर्ष आयु वर्ग के 63 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, कक्षा बारहवीं के छात्र अरमान ने 19 वर्ष आयु वर्ग के 53 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा राधिका ने 17 वर्ष आयु वर्ग के 40 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल ,जिले व हरियाणा प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ जूडो प्रशिक्षकों के अथक मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण एवं अभिभावकों का सहयोग और प्रोत्साहन ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई।

नन्हे विद्यार्थियों ने मंच पर बिखेरी प्रतिभा, तालियों से गूंजा विद्यालय



राजौंद। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ विभिन्न नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम मुस्कान, शानदार तालमेल और आत्मविश्वास ने उपस्थित लोगों को खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम की तैयारियों में अध्यापिका मनीषा ने विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को प्रस्तुतियों के लिए तैयार किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा प्रतिभा से परिपूर्ण होता है।

सर्व कर्मचारी संघ लेगा दिल्ली रैली में भाग

कैथल। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा गैस्ट टीचरो सहित प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, पंचायती राज संस्थाओं,बोर्डों व निगमों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर अभियान चलाकर पक्का करने की मांग करेगा और 12 दिसंबर 2026 को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी (महासंघ) के आह्वान पर दिल्ली रासलीला मैदान पर होने वाली राष्ट्रीय रैली मे जिले से हजारो कर्मचारी भाग लेगे। इसकी तैयारी तीन चरणो मे करेंगे जिसमे एसकेएस की जिला व ब्लॉक स्तर पर मिटिंगे व कन्वेंशन ओर विभागीय यूनियन व सगढंनो की जिला व ब्लॉक स्तर पर विस्तारित मिटिंग आयोजित करके सभी विभागो मे डोर टू डोर हैंडबील वाल पोस्टर व चंदा अभियान चलाया जाएगा।

इस्टर्न मैनोनाइट यूनिवर्सिटी वर्जीनिया का दल पहुंचा कैथल



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज ने इस्टर्न मैनोनाइट यूनिवर्सिटी, वर्जीनिया, अमेरिका के साथ मिलकर इंटरनेशनल कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया । महाविद्यालय के पुरातन छात्र असिस्टेंट प्रो. गौरव पठानीया एवं प्रो मैरी एस स्प्रिंगर के नेतृत्व में 15 विद्यार्थियों का दल कॉलेज प्रांगण में पहुंचा। प्रधान प्रबंधक समिति अश्विनि शोरेवाले ने इस अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कदम की सरहाना की एवं भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रखने कीसलाह दी।प्राचार्य डॉ गगन मित्तल ने आयोजन समिति के साथ मिलकरअतिथियों जोरदार स्वागत के लिए तैयारियों को सम्पूर्ण करवाया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजवीर पाराशर एवं आयोजन समिति ने इस दल का कॉलेज प्रांगण पहुंचने पर स्वागत किया । इस दल में कैडन मिच बैडलर, डायल जेम्स बलोशर, मोनिका लिली अरनफेल,अलेक्स थान जैंटन,एन्नी मैरी कुंज, लात्यानी कोहिटलेट मुनिज, हन्ना मैरी मार्टिन निस्ली, एडम एडेयर रोड्स, मार्टिन नेस्ले, हार्पर एलिजा शू, मिच जेम्स रामेर वैंगर, रूबिन जान रामेर वैंगर शामिल थे।

प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा और भूकंप से बचाव का दिया प्रशिक्षण

■ एनडीआरएफ ने जाखौली राजकीय स्कूल में किया स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते एनडीआरएफ की टीम।

7वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), बठिंडा की टीम द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं गावं देवबन में आपदा के समय बचाव एवं राहत के उपायों के प्रति जागरूक किया। टीम कमांडर उपनिरीक्षक रेख सिंह मीना के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को विभिन्न प्रकार की आपदाओं और आपात परिस्थितियों से सुरक्षित ढंग से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी, सुरक्षित और समयबद्ध ढंग से कार्रवाई करने के लिए सक्षम बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने प्राथमिक उपचार के अंतर्गत घाव पर पट्टी बांधने, रक्तस्राव रोकने, हड्डी में चोट लगने पर उसे स्थिर करने अन्य जानकारी दी।

ड्राइविंग के समय रखें यातायात नियमों का ध्यान : पुनीत धीमान



कलायत। कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा स्थित राजकीय आरोही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अशोका लीलैंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कैथल एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने शिरकत की। मुख्य वक्ता के तौर पर ट्रेनिंग एंड रोड सेफ्टी अशोका लीलैंड प्रबंधक पुनीत धीमान के साथ-साथ आरटीओ कैथल सब इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, कलायत थाना प्रभारी रणदीप सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य डा.अश्विनी मंगला व रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी जितेंद्र राठौर ने अतिथियों और वक्ताओं का अभिनंदन किया। पुनीत धीमान ने कहा कि आधुनिक युग में यातायात के साधन जीवन शैली का एक अभिन्न अंग बन चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने विद्यालय और हॉस्टल परिसर का भ्रमण किया। भोजन की जांच की एवं सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलने पर विद्यालय प्रबंधन का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार मंगला ने कहा कि स्टाफ का हर सदस्य एवं विद्यार्थी निरंतर विभिन्न जागरूक कार्यक्रमों के प्रति गंभीर रहते हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम

नाटक के जरिए छात्राओं को एड्स से बचाव की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। रोहेड़ा स्कूल में नाटक के माध्यम से छात्राओं को एचआईवी-एड्स से बचाव की जानकारी देते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

सेवा संकल्प अभियान के तहत रोहेड़ा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग कैथल एवं हरियाणा एड्स नियंत्रण सोसायटी पंचकूला की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोहतास पेगा एवं उनकी नाटक मंडली ने गीत और नाटक के माध्यम से छात्राओं को एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण और बचाव की जानकारी दी। नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया गया। काउंसलर मनीता ने बताया कि एचआईवी संक्रमित सुई, संक्रमित मां से बच्चे, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित रक्त चढ़ाने से फैल सकता है। संक्रमित व्यक्ति के साथ बैठने, खाने या घूमने से संक्रमण नहीं फैलता, इसलिए उसके प्रति भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने लंबे समय तक बुखार, खांसी, दस्त या शरीर पर चकत्ते होने पर नजदीकी आईसीटीसी केंद्र में फ्री गोपनीय जांच करवाने की सलाह दी। लैब तकनीशियन राजकमल ने हीमोग्लोबिन, रक्त शुगर, एचबीएसएजी,और वीडीआरएल की जांच के लिए रक्त नमूने लिए। तकनीशियन अधिकारी होशियार सिंह ने छात्राओं को पौष्टिक आहार, योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

नवोदय विद्यालय में युवा ग्राम सभा

छात्रों को लोकतंत्र,पंचायती राज व्यवस्था की कार्यप्रणाली बताई

कैथल। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में मॉडल युवा ग्राम सभा का सफल आयोजन किया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र, पंचायती राज व्यवस्था की कार्यप्रणाली तथा नागरिकों के कर्तव्यों से व्यावहारिक रूप से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार एवं उप-प्राचार्य ओम प्रकाश सैनी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर तितरम गांव के सरपंच अमरजीत सिंह कुंडू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मॉडल युवा ग्राम सभा के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इनमें ग्रामीण सड़कों एवं गलियों का विकास और स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान जैसे विषय प्रमुख रहे। इसके साथ ही ग्रामीण विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण, ठोस कचरा प्रबंधन तथा गांव में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सरपंच अमरजीत सिंह कुंडू ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल युवा ग्राम सभा की सराहना की।

रोबोट से सवाल-जवाब कर छात्रों ने समझी नई तकनीक, साइबर सुरक्षा के भी सीखे गुर

■ एआई, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस और क्लाउड कंप्यूटिंग पर एसएस बाल सदन स्कूल में सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। नई तकनीक, साइबर सुरक्षा के गुर सीखते एसएस बाल सदन स्कूल के विद्यार्थी।

चंदाना गेट स्थित एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को उस समय विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला, जब उन्हें रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को नजदीक से समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने रोबोट से सवाल-जवाब किए और लाइव डेमो के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया कि आधुनिक तकनीक किस तरह रोजमर्रा के काम और भविष्य के रोजगार को बदल रही है। स्कूल में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक एवं रोजगारपरक तकनीकों पर विशेष सेमिनार आयोजित किया । कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस और क्लाउड कंप्यूटिंग के अलावा रोबोटिक साइंस से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं को विद्यार्थियों के सामने रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर की ओर से किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक राजरानी गर्ग, प्रिंसिपल हिमांशु गर्ग सहित हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर से पंकज आत्रेय, असिस्टेंट प्रोफेसर रवि जांगड़ा, सुजल चौहान और खुशी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी: पांचाल

कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का समापन समारोह कैथल शहरी के अमरगढ़ गामड़ी सर्कल स्थित अंबेडकर नगर कॉलोनी के आंगनवाड़ी केंद्र में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग शिवानी पांचाल एवं सीएमजीजीए दिव्यता मेहर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी सपना तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर के मार्गदर्शन में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सपना ने मुख्य अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम | विभिन्न प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

श्री दुर्गा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। श्री दुर्गा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते कथावाचक पंडित अरविंद शास्त्री व श्री दुर्गा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करतीं महिलाएं एवं श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

श्री दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित अरविंद शास्त्री जी, चित्रकूट ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, अन्नकूट उत्सव तथा श्रीकृष्ण-बलराम के मथुरा प्रस्थान सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन सुनाया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। विशेष रूप से महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण किया।कथा के दौरान पंडित अरविंद शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का बाल स्वरूप भक्तों के हृदय में वात्सल्य, प्रेम और भक्ति की भावना उत्पन्न करता है। नंद बाबा और माता यशोदा के घर श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं ने पूरे गोकुल को आनंद और उल्लास से भर दिया था। माखन चोरी, गोप-गोपियों के साथ उनकी चंचल लीलाएं तथा बाल सखाओं के साथ उनके विभिन्न प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इसके बाद पूतना वध का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि कंस ने भगवान श्रीकृष्ण का वध करने के उद्देश्य से पूतना नामक राक्षसी को गोकुल भेजा था। पूतना ने अपना रूप बदलकर श्रीकृष्ण को विषैला दूध पिलाने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उसके प्राण हर लिए और उसका उद्धार कर दिया। इस प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया गया कि भगवान की शरण में आने वाले जीव का कल्याण होता है। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा और गोवर्धन लीला का सुंदर वर्णन किया।

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती पर लगाई जाएगी अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी: उपेंद्र



कैथल। कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान इस बार इसरो की खोजों के साथ-साथ नेवी और एयरफोर्स विंग द्वारा अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी सजेगी। सेना प्रमुखों ने हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भेजे गए निमंत्रण को स्वीकार करते महाभारत युद्ध की साक्षी भूमि कुरुक्षेत्र की धरती पर अपने आधुनिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ मेले में हिस्सा लेने का निर्णय लिया है। नेवी और एयरफोर्स द्वारा आयोजित होने वाली प्रदर्शनी के माध्यम से देश-विदेश के श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों व पर्यटकों को भारतीय रक्षा क्षमता-आधुनिक तकनीक को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। महोत्सव में दिल्ली और पश्चिम बंगाल पार्टनर के तौर पर शामिल होंगे। महोत्सव के दौरान लगने वाले क्राफ्ट मेले में भी इस बार पहले की तुलना में अधिक व्यापक भागीदारी होने की उम्मीद है। यह जानकारी केडीबी सचिव उपेंद्र सिंघल ने दी। वे कलायत कपिल मुनि तीर्थ कमेटी प्रधान राजू कौशिक, उप प्रधान आर.एस धानियां, हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंगला, पार्षद रवींद्र निर्मल बंटी, मुकेश पाराशर, पाला राम प्रजापति व अन्य सदस्यों से विशेष बातचीत कर रहे थे। केडीबी सचिव ने बताया कि 5 से 25 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर तट पर हस्तशिल्पी मेले में शामिल होने के लिए दुनिया भर उत्साह बना है।

खबर संक्षेप

खल मिल का टूटा ताला काफी मात्रा में सामान चोरी

जींद। गांव दनौदा कलां में बीती रात चोरों ने खल मिल का ताला तोड़कर खल, बिनौला, उपकरण, मशीनों के कलपुर्जे समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा कलां निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे खल का मिल लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने मिल का ताला तोड़ कर दो बैटरी, इन्वर्टर, तीन बिजली मोटर, सात बोरी खल, दस बोरी बिनौला, मशीनों के कलपुर्जे, सिलेंडर आदि सामान चुरा लिया।

कोर्ट परिसर में साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक

कैथल। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा कोर्ट परिसर में आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पुलिस टीम ने लोगों को साइबर ठगी के नए-नए तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग फोन कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया, फर्जी कस्टमर केयर नंबर, ऑनलाइन खरीदारी, बैंकिंग फ्रॉड तथा विभिन्न प्रकार के लालच देकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड विवरण, पासवर्ड या अन्य निजी जानकारी साझा न करने की अपील की गई।

राजौंद में पहली बार खेल महाकुंभ 13 अक्टूबर को

राजौंद। राजौंद में पहली बार जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन 13 अक्टूबर को ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में होगा।



प्रतियोगिता में कैथल जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लड़के एवं लड़कियां भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राजौंद के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर होने वाले इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह है। एनआईएस क्वालिफाइड कोच राकेश कुमार आयोजन की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है।

सेवा ज्योति को सेवा यात्रा के माध्यम से बाबा साहेब की प्रतिमा के समीप ले जाकर किया गया स्थापित

सेवा ज्योति यात्रा में लोगों को भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करने का सामूहिक संकल्प दिलाया

सेवा ज्योति यात्रा से जिले में सेवा, समर्पण, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मिली नई ऊर्जा



जींद। ज्योति प्रज्ज्वलित करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



जींद। अर्जुन स्टेडियम से मशाल यात्रा की शुरुआत करते हुए डिप्टी स्पीकर व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*





कैथल। सांसद नवीन जिंदल सेवा ज्योति यात्रा मशाल थामे हुए तथा पूर्व विधायक लीला राम सेवा ज्योति यात्रा में भाग लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और विकसित भारत 2047 के संकल्प को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को स्थानीय अर्जुन स्टेडियम में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तथा हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम, उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, डीसी डा. वैशाली शर्मा, एडीसी प्रदीप कौशिक, एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी अनिल दून, चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भारत भूषण टांक, जिला प्रभारी अशोक गुर्जर, जिला अध्यक्ष तेजेंदर ढूल, नगर परिषद की चेयरपर्सन अनुराधा सैनी, जिला परिषद की चेयरपर्सन मनीषा रंधावा, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता पूजा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले लोगों का स्वागत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्र प्रेम, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना नहीं बल्कि सेवा, सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

कार्यक्रम स्थल पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की मंडलियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान रंगोली निर्माण भी किया गया। जिसमें विकसित भारत, राष्ट्रसेवा, जनभागीदारी और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया। आकर्षक रंगोली के माध्यम से कार्यक्रम स्थल की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को राष्ट्र निर्माण के सामूहिक संकल्प से जोड़ने का संदेश दिया गया।



जींद। विकसित भारत की मंच से शपथ लेते हुए भाजपा मंत्री व नेता। *फोटो : हरिभूमि*

अर्जुन स्टेडियम में प्रज्ज्वलित हुई सेवा ज्योति

अर्जुन स्टेडियम में प्रज्वलित मुख्य सेवा ज्योति को सेवा यात्रा के माध्यम से रानी तालाब स्थित डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समीप ले जाकर स्थापित किया गया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न उपमंडलों उचाना, नरवाना, सफीदों और जुलाना सहित उझाना एवं पिल्लूखेड़ा क्षेत्र के लिए भी सेवा ज्योतियां प्रज्वलित की गईं। संबंधित क्षेत्रों के प्रतिनिधियों द्वारा इन सेवा ज्योतियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ले जाकर निर्धारित स्थानों पर स्थापित किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों का जनसेवा का सफर देश के लिए प्रेरणास्रोत: नवीन जिंदल

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और डीसी अपराजिता ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को विकसित भारत 2047 के निर्माण का सामूहिक संकल्प दिलाया। सांसद नवीन जिंदल सहित अन्य अतिथियों ने मशाल प्रज्ज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान वंदे मातरम के उद्घोष और भारतीय संस्कृति से जुड़ी नगाड़ा व बीन पार्टियों ने सभी के अंदर उत्साह भर दिया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि 7 अक्टूबर का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने अपना लंबा जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित किया है। उनका जनसेवा का सफर देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है और इसी संकल्प को मजबूती देने के लिए सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया है। सांसद नवीन जिंदल ने कौशल विकास और खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सेतु योजना के अंतर्गत कैथल और कुरुक्षेत्र में कौशल विकास के क्षेत्र में और अधिक कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कैथल के युवा खिलाड़ी हिमांशु ढिल्लों को एशियन गेम्स में दो रजत पदक जीतने पर बधाई दी। इसी प्रकार कैथल की बेटी मुस्कान द्वारा शंघाई, चीन में आयोजित प्रतियोगिता में पदक जीतने पर बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अक्षित दहिया, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीलाराम, कुलवंत बाजीगर, फूल सिंह खेड़ी, जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल, लेबरफेड के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, डॉ. जगविंदर, जिला महामंत्री मनीष शर्मा, विभिन्न नगरपालिकाओं एवं पंचायत समितियों के चेयरमैन, जिला प्रशासन की ओर से डीसी अपराजिता, पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सूदन, एडीसी सुशील कुमार, जिला परिषद के सीईओ गुलजार मलिक आदि मौजूद रहे।

- कैथल में हुआ विकसित भारत संकल्प सभा और सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन

पुलिस ने रामराये में छात्रों को साइबर ठगी के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

साइबर सुरक्षा जागरूकता को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामराये में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर थाना प्रभारी उप निरीक्षक जगदीप सिंह एवं उनकी टीम ने छात्रों को बारीकी से साइबर ठगी के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा, स्कूल स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान साइबर थाना प्रभारी जगदीप सिंह ने विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर ठग लोगों को पैसे भेजने अथवा इनाम प्राप्त करने का झांसा देकर अनजान क्यूआर कोड स्कैन करवाते हैं और उनके बैंक खातों से धोखाधड़ी कर सकते हैं। उन्होंने समझाया कि किसी अनजान द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड को बिना जांचे स्कैन न करें।



जींद। छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए।

जींद पुलिस की आमजन से अपील

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि किसी भी अनजान कोड को स्कैन न करे, संदिग्ध लिंक खोलने अथवा किसी के साथ बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी सांझा करने से बचें। यदि कोई व्यक्ति फोन पर खुद को बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी या अन्य विभाग का कर्मचारी बता कर बैंक संबंधित जानकारी मांगता है तो उसकी बातों में न आएं और पहले उसकी सत्यता की जांच करें।

बाबा गैबी साहब मंदिर में स्थापित की ज्योति

- सेवा संकल्प अभियान के तहत मंत्री बेदी ने उठाई ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को सेवा ज्योति यात्रा विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अर्जुन स्टेडियम जींद में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संबोधन का वर्चुअल लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवा ज्योति प्रज्वलित की गई और इसके बाद इसे संबंधित क्षेत्रों में स्थापित किया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रज्वलित सेवा ज्योति को नरवाना स्थित बाबा गैबी साहब मंदिर में स्थापित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रतीक है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति जानकारी के अभाव में सरकारी सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जनकल्याणकारी और जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अनेक बार पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण उनके लाभ से वंचित रह जाते हैं। सरकार का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।



नरवाना। बाबा गैबी साहब मंदिर में सेवा ज्योति को स्थापित करते हुए कैबिनेट मंत्री।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बाबा गेबी साहब मंदिर के महंत अजय गिरी, रिछपाल शर्मा, हंसराज समैण, बलदेव वाल्मीकि, सुरेश पांचाल, सुरेश दनौदा, गुरलाल सिंह रशीदा, एडवोकेट राजेश शर्मा, दिनेश गोयल, विनय मित्तल, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीरचंद, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसवीर नैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

शारदीय नवरात्रि आत्मिक शुद्धि व नारी शक्ति का महापर्व : सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



आचार्या सुदेश शर्मा।

शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा, प्रख्यात ज्योतिषाचार्य व अधिवक्ता आचार्या सुदेश शर्मा ने आगामी शारदीय नवरात्रि के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे आत्मिक उत्थान का स्वर्णिम अवसर बताया है। जब आश्विन मास में शारदीय नवरात्रि का आगमन होता है तो संपूर्ण प्रकृति मौसम के सुंदर बदलाव के साथ उत्सव के रंग में रंग जाती है और धरा पर मां दुर्गा की असीम कृपा बरसती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का यह पावन पर्व 11 अक्टूबर से आरंभ होकर 19 अक्टूबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

आचार्या सुदेश शर्मा ने कहा कि यह पर्व हमारी आंतरिक शुद्धि और शारीरिक, मानसिक संतुलन का माध्यम है। जब वर्षा ऋतु समाप्त होती है और शरद ऋतु का आगमन होता है तो ऋतु संधि के कारण हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और मन में भी कई तरह के असंतुलन या उतार चढ़ाव आ सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की विधिवत साधना की जाती है। मां का प्रत्येक रूप मनुष्य को जीवन जीने का एक नया अनुशासन, धैर्य और आंतरिक शक्ति प्रदान करता है।

स्कूलों में चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता से फसल अवशेष प्रबंधन का दिया संदेश

राजौंद। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सतीश नारा के मार्गदर्शन तथा खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह की अध्यक्षता में खंड राजौंद के विभिन्न गांवों के स्कूलों में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएं बीर बांगरा, बिथैंह बाहरी, मडवाल, राजौंद, किठाना, सोगरी और नीमवाला के स्कूलों में आयोजित की गईं। इस दौरान खंड कृषि अधिकारी डॉ. हरमीत सिंह ने विद्यार्थियों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को जलाने की बजाय उनका उचित प्रबंधन कर किसान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनाए रख सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग से खंड तकनीकी प्रबंधक अमनदीप, सहायक तकनीकी प्रबंधक ऋषिपाल, अमन बनवाला, मुकेश कुमार सहित संबंधित स्कूलों के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



राजौंद। स्कूल में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर आयोजित चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने जींद में न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों की जांच की

जींद। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिले में न्यूट्रास्यूटिकल और हेल्थ सप्लीमेंट उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए अभियान चलाया गया। विभाग की टीम ने विभिन्न दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य एवं स्वास्थ्य संबंधी सप्लीमेंट के सैंपल लिए। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. अमन प्रकाश ढाका की टीम ने जिले में न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों की जांच की। इस दौरान पीनट बटर के दो सैंपल लिए गए। इसके अलावा हेल्थ सप्लीमेंट और जिम उत्पादों की दुकानों की भी जांच की गई। टीम ने दुकानों पर उपलब्ध इंपोर्टेड न्यूट्रास्यूटिकल आइटम्स की भी जांच की और निर्धारित मानकों के संबंध में जानकारी जुटाई। विभाग की ओर से कार्रवाई के दौरान कुल पांच सैंपल लिए गए। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. अमन प्रकाश ढाका ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे हेल्थ सप्लीमेंट, जिम उत्पाद और अन्य न्यूट्रास्यूटिकल सामान की बिक्री करते समय उनकी गुणवत्ता, लेबलिंग, पैकिंग और वैधता का विशेष ध्यान रखें।



जींद। जांच करते हुए टीम सदस्य।

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का परखा ज्ञान

कैथल। आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं संस्कृत विभाग के सौजन्य से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधान प्रबंधक समिति अश्विनी शोरेवाले ने आयोजकों को बधाई संदेश भेजा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नरेश गर्ग द्वारा प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल के स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने विद्यार्थियों को ऐसी बौद्धिक एवं प्रतियोगी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम अर्जुन टीम -विशाल, लव एवं मोहित, द्वितीय विदूर टीम- पायल, स्नेहा, यसप्रीत तथा तृतीय -व्यास टीम- अंकित, विशाल, प्रिंस रहे। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर डॉ. नरेश गर्ग ने किया, जबकि डॉ. अलीशा ने टाइमकीपर की भूमिका निभाई। डॉ. मनोज बंसल ने कार्यक्रम के समन्वय के साथ दर्शकों से प्रश्न पूछने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. राजबीर पाराशर, प्राचार्य प्रभारी, सांध्य सत्र डॉ. हरिंदर गुप्ता, डॉ. राकेश मित्तल, डॉ. जयबीर धारीवाल, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. अनिल जिंदल, डॉ. विशाल आनंद, डॉ. विशाल गर्ग, डॉ. गीता गोयल, डॉ. मंजुला गोयल, डॉ. अंजलि खुर्रा, डॉ. रिचा लांग्यान तथा स्टाफ सचिव डॉ. विकास भारद्वाज उपस्थित रहे।



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रही टीम

ऑनलाइन ट्रेडिंग में ठगी का आरोपी गिरफ्तार

जींद। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने के एक आरोपित को काबू किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से पचास हजार रुपये बरामद किए हैं। ढाकल निवासी राकेश कुमार ने बताया था कि मई 2025 में फेसबुक पर उसकी पहचान वर्षा उर्फ विनी अग्रवाल से हुई थी। उनके फारेक्स ट्रेडिंग के झांसे में आकर राकेश ने 13 लाख रुपये का निवेश कर लिया। बाद में जब उसने अपनी राशि निकालने का प्रयास किया तो पैसे वापस नहीं मिले। पुलिस ने दिल्ली निवासी अभिषेक नागर को गिरफ्तार कर लिया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

पुरानी मान्यताओं के चलते श्राद्ध पक्ष में नहीं की जाती नए सामान की खरीदारी

श्राद्ध पक्ष में बाजारों से रौनक हुई गायब, दुकानदारी पड़ी मंदी

10 अक्टूबर को समाप्त होंगे श्राद्ध, नवरात्र पर्व 11 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। श्राद्ध पक्ष के चलते सुनसान नजर आ रहा बाजार तथा मेन बाजार स्थित हरि एम्पोरियम के मालिक दीपक सैनी। *फोटो:हरिभूमि*

पितृ पक्ष (श्राद्ध) शुरू हो चुके हैं और बाजार से ग्राहकों की रौनक पूरी तरह से गायब हो चुकी है। ग्राहकों से खचाखच रहने वाला जींद के बाजार में दुकानदार ग्राहकों की बाट जोहते नजर आ रहे हैं। दिन होते-होते बाजार में सन्नाट छा जाता है। जिन दुकानदारों को दोपहर के समय सांस लेने तक की फुर्सत नहीं होती थी वो दुकानदार अब ग्राहकों का इंतजार करते हुए नजर आते हैं। दुकान पर ग्राहक नजर नहीं आ रहे हैं। धंधा इस कदर मंदा हो गया है, जिसे सोच कर दुकान मालिक सिहर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन दुकानदारों की बढ़ गई है जिन्होंने महंगे किरायों पर दुकानें ली हुई हैं। हालात यह हैं कि दुकान का किराया निकलने की भी उम्मीद नहीं दिख रही है। किसी-किसी दिन तो बोहनी तक नही होती है। ऐसे में अब दुकानदारों को इंतजार है नवरात्र पर्व का। जिससे कि उनकी दुकानदारी फिर ढर्रे पर लौट सके।

सर्राफा बाजार भी मंदी का शिकार

पौराणिक मान्यता है कि जब श्राद्ध शुरू होते हैं तो उस दौरान कोई भी नई चीज या वस्तु खरीदना शुभ नहीं माना जाता है। जिसके चलते लोग श्राद्ध पक्ष के दौरान वस्तुओं की खरीद-फरोख्त करने से परहेज करते हैं। जिसका साफ असर व्यापार पर दिख रहा है। चाहे इलेक्ट्रॉनिक सामान हो, कपड़ा या गिफ्ट आइटमें या सोने तथा चांदी के गहने, सभी दुकानों पर सन्नाटा है। जींद का बाजार सर्राफा के लिए मशहूर है और शहर की सभी दुकानों, शोरूमों पर ग्राहकों की भरमार रहती थी लेकिन वहां भी ग्राहकों का इंतजार हो रहा है।

दुकान के खर्चे निकालना भी मुश्किल

मेन बाजार स्थित हरि एम्पोरियम के मालिक दीपक सैनी ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के चलते बाजार में बिल्कुल भी काम नहीं है। श्राद्ध के दिनों में लोग कोई भी नई चीज नहीं खरीदते हैं। इसीलिए इन दिनों में कई बार ऐसा होता है कि दुकानदारों की बोहनी तक नहीं होती है। हालांकि जो लोग इन बातों को नहीं मानते हैं या नई सोच वाले हैं वह जरूर कुछ सामान खरीद लेते हैं वरना श्राद्ध के दिनों में खरीददारी न के बराबर है। श्राद्ध की वजह से धंधा बिल्कुल ही मंदा है। वर्कशॉप को सैलरी और दुकानों के अन्य कई तरह के खर्चे होते हैं। जिन्हें निकाल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

पितृ पक्ष के दौरान कुछ समय के लिए टल जाते हैं शुभ कार्य : शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत 26 सितंबर (पूर्णिमा श्राद्ध) से हुई। जबकि मुख्य प्रतिपदा श्राद्ध 27 सितंबर (रविवार) से शुरू हुआ और इसका समापन 10 अक्टूबर (सर्वपितृ अमावस्या) को होगा। 11 अक्टूबर से नवरात्र पर्व की शुरूआत होगी। ऐसे में पितृ पक्ष में कुछ समय के लिए शुभ कार्यों को टाला जाता है। पितृ पक्ष में पितरों से निमित्त पिंडदान की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है।